ज़िपर कैसे लगाए

इस वीडियो में हम कपड़े पर जिपर सिलना सीखेंगे इसके लिए हम सिलाई मशीन के साथ आने वाले जिपर फुट का प्रयोग करेंगे





हमे चाहिए दो समान माप के कपड़ो के टुकड़े, उसी नाप का ज़िप्पर और कुछ बीडेड पिन्स।

ये सफ़ेद साइड कपडे के उलटी तरफ है और ये मुलायम लाल साइड सीधा है।

ज़िप्पर की सीधी तरफ रनर होता है और उलटी तरफ की सतह सपाट होती है। ज़िप्पर को खोलने के लिए रनर को नीचे खींचे और उसे उल्टा कपडे पे इस तरह लगाएं ताकि ज़िप्पर और कपड़े की सीधी बाजू आमने सामने रहे। अब ज़िप्पर को ठीक से कपड़े के किनारे पर मिलाएं और पिन से जोड़ दें ताकि वो हिले नहीं।

ज़िप्पर फुट मशीन से जोड़ने के लिए सुई को उठाएं साथ ही प्रेशर फुट लीवर को उठाएं ताकि प्रेशर फुट क्लैंप छूट जाये। अब ज़िप्पर फुट को प्रेशर फुट बार के ठीक नीचे रखें और उसे जोड़ने के लिए प्रेशर फुट लीवर को नीचे धकेलें ।

अब मशीन स्विच ऑन करें और पिन की हुई ज़िप्पर और कपड़े के किनारे को फुट के किनारे पर रखें और सिलना शुरू करें

सिलना शुरू करने से पहले पैटर्न सिलेक्टर डायल को A पर रखें और स्टिच लेंथ सिलेक्टर को 4 पर रखें । अब ज़िप्पर की इस साइड को सिलना शुरू करें सिलाई के चलते लगाई हुई पिन्स हटाना न भूलें



सिरे तक पहुँचने पर प्रेशर फुट उठाएं कपड़ा निकाल कर धागे काट लें।

अब ज़िप्पर की दूसरी साइड सिलने के लिए तैयार रहें।

दूसरे कपड़े के टुकड़े को सीधा रख कर उस पर बाकी ज़िप्पर के किनारे मिलाएं दोनों को पिन्स से जोड़ लें अब सिलना शुरू करें।

सिरे तक पहुँचने पर प्रेशर फुट उठाएं और रनर को खींच के ज़िप बंद करते जाएं अब पूरा सील लें।

और अंत में सुई और फुट उठा कर कपड़ा निकाल लें अब थ्रेड कटर से अतिरिक्त धागे काट लें।

अब ज़िप्पर कपड़े के साथ अच्छी तरह जुड़ गया है।

क्यों लग रहा है ना शानदार।

इस तरह अलग अलग रचनाओं और रंगों के ज़िप्स और कपड़ों के साथ एक्सपेरिमेंट करें अपनी रचनात्मकता से आप खुद डिजाईन किये हुए पाउच बनाएं।

तो प्रैक्टिस जारी रखें जब तक आपको इसमें महारथ हासिल ना हो।